सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में आयुर्वेद पर आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में समय-समय पर वैज्ञानिक, प्रशासनिक, जनोपयोगी आदि विविध विषयों पर आयोजित किए जाने वाले आमंत्रित व्याख्यानों के क्रम में 25 जुलाई, 2025 को आयुर्वेद विषय पर **आमंत्रित व्याख्यान** का आयोजन किया गया। व्याख्यान के लिए **आयुर्वेद विशारद श्री राम भाऊ बगाड़े** को आमंत्रित किया गया था। श्री बगाड़े ने '**आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवन शैली**' विषयक सारगर्भित व्याख्यान से उपस्थित श्रोताओं को लाभान्वित किया। सीरी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिक एवं वरिष्ठ अधिकारियों, संस्थान के कार्मिकों एवं उनके परिजनों सहित परियोजना कार्मिक, प्रशिक्षार्थी आदि उपस्थित थे।

आमंत्रित व्याख्यान से पूर्व स्वागत संबोधन देते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने स्वागत संबोधन में उपस्थित श्रोताओं को आमंत्रित अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया। डॉ पंचारिया ने अतिथि वक्ता राम भाऊ बगाड़े का परिचय देते हुए उनका औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने श्री बगाड़े द्वारा जनसामान्य के लाभार्थ किए जा रहे आयुर्वेद प्रचार-प्रसार कार्यों का भी उल्लेख किया। अपने स्वागत संबोधन में डॉ पंचारिया ने आचार्य चरक एवं आचार्य सुश्रुत का उल्लेख करते हुए 'आयुर्वेद' शब्द की व्याख्या की।

अपने व्याख्यान में **श्री राम भाऊ बगाड़े** ने दैनिक जीवन में आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों की प्रासंगिकता, अनियमित जीवनशैली और व्याधियों के समाधान में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नाड़ी परीक्षण सहित पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के लाभों की चर्चा करते हुए उपस्थित जनसमूह को उपयोगी सुझाव भी दिए। श्री बगाड़े ने आयुर्वेद के उपयोग से संबंधित व्यक्तिगत अनुभव एवं संस्मरण भी साझा किए।

आमंत्रित व्याख्यान देते हुए आयुर्वेद विशारद श्री राम भाऊ बगाड़े एवं
सभागार में उपस्थित निदेशक एवं अन्य श्रोतागण

व्याख्यान के उपरांत **प्रश्नोत्तर सत्र** भी आयोजित किया गया, जिसमें श्रोताओं ने स्वास्थ्य और आयुर्वेद से जुड़ी अपनी जिज्ञासाएँ बगाड़े जी से साझा कीं। अतिथि वक्ता ने सहज एवं सरल ढंग से सभी प्रश्नों के उत्तर दे कर श्रोताओं की जिज्ञासाओं का समाधान बताया। श्रोताओं ने उचित मार्गदर्शन के लिए श्री बगाड़े जी की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने संस्थान की ओर से **शॉल** भेंट कर बगाड़े जी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन **श्री रमेश बौरा**, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने किया। अंत में उन्होंने आमंत्रित वक्ता श्री राम भाऊ बगाड़े एवं संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

——